मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2920

13.08.2026 को उत्तर के लिए

छत्तीसगढ़ में हाथियों के सुरक्षित आवागमन हेतु गलियारे

2920. श्रीमती फूलो देवी नेतम :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोयम्बटूर में नवस्थापित उत्कृष्टता केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ के 'लेमरू एलीफेंट रिजर्व' तथा अन्य हाथी गलियारों में संघर्ष को कम करने के लिए कोई विशिष्ट वैज्ञानिक अध्ययन किया जा रहा है;

(ख) क्या केंद्र सरकार उक्त अध्ययन के आंकड़ों आधार पर राज्य में हाथियों के लिए नए सुरक्षित आवागमन गलियारों के विकास तथा रेल दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कोई कार्ययोजना तैयार कर रही है; और

(ग) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान ड्रोन, थर्मल सेंसर तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित निगरानी प्रौद्योगिकियों की खरीद हेतु छत्तीसगढ़ वन विभाग को कितनी केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की गई है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) और (ख): पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्लूआईआई) के सहयोग से असम, छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्यों में मानव-हाथी संघर्ष पर एक व्यापक अध्ययन पूरा किया है, जिसमें संघर्ष के शमन उपाय भी शामिल हैं। इसके अलावा, मंत्रालय ने मानव-हाथी संघर्ष के लिए क्षेत्रीय कार्य योजनाओं (आरएपी) की तैयारी शुरू की है, जिसमें भू-परिदृश्य-स्तरीय और बहु-राज्यीय दृष्टिकोण अपनाया गया है। आरएपी की परिकल्पना एक पाँच वर्षीय कार्य-योजना के रूप में तैयार की जाती है। इन वार्षिक कार्यान्वयन लक्ष्यों में पर्यावास प्रबंधन, क्षमता निर्माण, निगरानी और संघर्ष के शमन के उपाय शामिल हैं।

इसके अलावा, मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ सहित हाथियों की मौजूदगी वाले 15 राज्यों में 150 हाथी गलियारों की पहचान और सत्यापन किया है तथा संबंधित राज्य सरकारों को इनके संरक्षण और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी है।

मंत्रालय ने हाथियों की ट्रेनों से टक्कर की घटनाओं को रोकने के लिए रेल मंत्रालय और राज्य वन विभागों के समन्वय से "भारत में संवेदनशील रेलवे खंडों पर हाथियों एवं अन्य वन्यजीवों की ट्रेनों से टक्कर के शमन के लिए सुझाए गए उपाय" शीर्षक से एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट में प्राथमिकता वाले 77 रेलवे खंडों में 705 शमन ढांचों की सिफारिश की गई है। इस रिपोर्ट को उचित कार्रवाई के लिए रेल मंत्रालय और संबंधित राज्य सरकारों के साथ साझा किया गया है।

(ग) देश में हाथियों, उनके पर्यावास और गलियारों के संरक्षण तथा मानव-हाथी संघर्ष से संबंधित समस्याओं और बंदी हाथियों के कल्याण से जुड़े मामलों के समाधान के लिए केंद्र प्रायोजित योजना "बाघ और हाथी परियोजना" के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह सहायता संबंधित राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक कार्य योजना के आधार पर प्रदान की जाती है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 2.33 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें अन्य मदों के साथ-साथ प्रौद्योगिकी आधारित पहलों के लिए वित्तीय सहायता भी शामिल है।

*****